# घरेलू हिंसा के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। एसएस खन्ना महिला महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान सेल की ओर से गोद लिए गए पांच गांवों में से एक गांव बनी का शनिवार को भ्रमण किया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने पंचायत भवन परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. नेहा राय, डॉ. सीमा पांडेय, डॉ. अनुज पांडेय, डॉ. प्राची कुमारी, रिया सिन्हा आदि मौजूद रहीं।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

प्रयागराज। एसएस खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज के उन्नत भारत अभियान सेल की ओर से गोद लिए गए गांव बनी का शनिवार को भ्रमण किया गया। पंचायत भवन परिसर में महाविद्यालय की छात्राओं की ओर से घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि घरेलू हिंसा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूपों में भी हो सकती है। इस अवसर पर डॉ. नेहा राय, डॉ. सीमा पांडेय, डॉ. अनुज पांडेय, डॉ. प्राची कुमारी आदि मौजूद रहीं।